Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष सर्वेक्षण (Creative Writing) - 308 / 2019..10459

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर, एवं नालंदा।

पटना, दिनांक : 14-08-2020

विषय :– होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के जरिए बिहार विशेष सर्वेक्षण का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के संबंध में।

संदर्भ :– विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षा से संबंधित विभागीय पत्र संख्या–10233 दिनांक– 09.07.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव के पत्र द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने और नियमित समीक्षा शुरू करने के निदेश दिए गए थे। इसके अंतर्गत जिला एवं अंचल स्तर पर बिहार विशेष सर्वेक्षण के प्रचार–प्रसार का कार्य भी शामिल था। भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा तीन विषयों :–

(1) किस्तवार एवं खानापुरी की प्रक्रिया (2) बिहार विशेष सर्वेक्षण में रैयतों की जिम्मेवारी एवं (3) प्रपत्र–2 एवं प्रपत्र–3 (i) भरने की सामान्य जानकारी पर प्रचार सामग्री तैयार कराई गई है। यह प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर एवं होर्डिंग के रूप में है। प्रचार सामग्री जिसकी सॉफ्ट कॉपी इस मेल के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है, को रंगीन प्रिंट कराकर सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सरकारी कार्यालयों में लगे फ्रेम में लगाया जाना है।

होर्डिंग हेतु तैयार प्रचार सामग्री को फ्लैक्स पर रंगीन प्रिंट कराया जाना है। इसका साईज 8X12 एवं 10X20 फीट है। पोस्टर सामग्री A5, A4 एवं A3 साईज के पेपर पर छपनी है और यह दीवाल पर चिपकाने एवं लोगों के बीच बांटने के लिए है। इसी तरह बैठकों एवं सभाओं लगाए जाने वाले बैनरों के लिए भी इस सामग्री का इस्तेमाल किया जाना है। Portrait आकार की सामग्री पोस्टर हेतु है, जबकि Landscape में होर्डिंग एवं बैनर की सामग्री दी जा रही है।

जिला एवं अंचल कार्यालयों के अतिरिक्त यह प्रचार सामग्री सर्वेक्षण हेतु स्थापित विशेष शिविरों में भी लगायी और वितरित की जानी है। पंचायत सरकार भवन में चल रहे शिविरों में जहां पहले से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के फ्रेम लगे हुए नहीं है, वहां जिला प्रशासन द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जरिए इस तरह के फ्रेम लगाए भी जाने हैं। पत्रांक–378 दिनांक–25.02. 2020 एवं पत्रांक–1654 दिनांक–24.03.2020 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, सुपौल एवं शेखपुरा की यह प्रचार सामग्री पूर्व में भेजी जा चुकी है।

कृ0पृ0उ0

पत्र के साथ उक्त वर्णित विषय सामग्री की डिजाईन की सॉफ्ट कॉपी प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण के बारे में जन–जागरूकता बढ़ाने एवं इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करने के लिए अपने स्तर से भी विशेष प्रयास करने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक

D:\Drive - D\Year 2020\Rajesh Sir\Director\05-08-2020.doc